वर्ष - 01 | अंक - 43 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया -मंगलवार, 29 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा फोकस

तिलस्वा में जलप्रलय से गांव डूबा

बिजौलिया में बादल फटे जैसे हालात

एक ही दिन में 200 मिमी (7.87 इंच) बारिश, नदियां-झरने उफान पर, मंदिरों तक घुसा पानी



बिजोलिया : रेवा नदी के उफान पर आने के बाद पानी के बीच पार्श्वनाथ स्थित गगन विहारी मंदिर

बिजोलिया: तिलस्वा में सड़क पर चलती नाव



बिजोलिया : मुख्य गेट पर भरे पानी में डूबी बस

बिजोलिया : पुलिया से ऊपर बहती पलकी नदी

बिजोलिया : जलमग्न हुआ तिलस्वा

बिजोलिया : रेस्क्यू करती सिविल डिफेंस टिम

बिजोलिया : तिलस्वा में निरीक्षण के दौरान जायजा लेते कलेक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

रविवार रात से सोमवार शाम तक बिजौलिया क्षेत्र में 200 मिमी करीब 7.87 इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए। पलकी नदी में 4 फीट तक पानी बहने लगा, रेवा नदी और छाई बाई पुलिया भी ओवरफ्लो हो गई। मंडोल बांध पर 3 फीट की चादर चलने लगी। मेनाल, भीमलत, भड़क और सेवन फॉल जैसे प्रसिद्ध जलप्रपात उफान पर बहने लगे।

यह इस मानसून सीजन में दूसरा मौका है जब एक ही दिन में इतनी अधिक बारिश दर्ज की गई हो। इससे पहले 14 जुलाई को बिजौलिया में 218 मिमी 8.58 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

तिलस्वा गांव में भरा 4-5 फीट पानी, मंदिर में घुसा जल, श्रद्धालु धर्मशालाओं में शिफ्ट

लगातार बारिश से तिलस्वा गांव पूरी तरह जलमग्न हो गया है। गांव के अधिकांश हिस्सों में 4 से 5 फीट तक पानी भर गया, जिससे घरों, दुकानों और मंदिर परिसर में पानी घुस गया। तिलस्वा तीर्थ मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते भी डूब गए। श्रद्धालुओं को प्रशासन ने धर्मशालाओं में सुरक्षित ठहराव कराया। एरू नदी पर बनी पुलिया पर 8 फीट तक पानी बह रहा है, जिससे गांव का संपर्क कट गया है। गांव की पाल के पास की कई दुकानें डूब गईं और कई घरों में पानी भर गया।

हालात की गंभीरता को देखते हुए रविवार रात 1 बजे से ही तहसीलदार ललित डिडवानिया और कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल मोर्चे पर जुटे हुए हैं। सिविल डिफेंस की टीम भी तैनात है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु, एडीएम सिटी प्रतिभा देवेटिया, उपखंड अधिकारी अजीत सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी सोमवार को मौके पर पहुंचे और राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासन ने इस दौरान अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, बहाव वाले इलाकों से दूर रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से तुरंत संपर्क करें।

- ड्रोन साभार प्रभु लाल गुर्जर

कैलाश धाकड़ बने अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारत वर्ष स्थापना वर्ष 1957 की राजस्थान इकाई ने भीलवाड़ा जिले के लिए नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की है। यह दायित्व ग्राम देवगढ़, सरपंच सदा राम जी का खेड़ा निवासी कैलाश धाकड़ को सौंपा गया है।प्रदेश अध्यक्ष राधाकिशन धाकड़ द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि संगठन को नई दिशा देने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और रचनात्मक गतिविधियों को गति देने की अपेक्षा के साथ यह नियुक्ति की गई है। जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

छतरियां बावड़ी : बनास किनारे बसे शिवधाम का नया स्वरूप

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

(रमेश चंद्र डाड) बनास नदी किनारे स्थित छतरियां बावड़ी शिव मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। लगभग 100 साल पहले समाजसेवी शिव नारायण अग्रवाल ने यहां शिला पर विराजित प्राचीन शिवलिंग पर छतरी बनवाई थी और पास की बावड़ी के चलते इसका नाम छतरियां बावड़ी पड़ा। समय के साथ संतों का आगमन हुआ और वर्तमान में महंत रामस्नेही दास के सान्निध्य में पूजा-अर्चना जारी है। अब यहां भव्य शिखर मंदिर का निर्माण हो रहा है, जिसमें शिवलिंग को पुनः स्थापित किया जाएगा।

अमरनाथ धाम दर्शन कर जत्था सकुशल लौटा

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

उपखंड क्षेत्र माण्डलगढ़ सहित आसपास के गांवों से 15 जुलाई को अमरनाथ धाम के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था दर्शन कर सकुशल लौटा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पवित्र अमरनाथ गुफा सहित मार्ग में स्थित दर्जनों तीर्थ स्थलों के दर्शन किए।

जत्थे में रमेश ब्रह्मभट्ट, भवानी शंकर उर्फ पप्पू माली, सुरेश माली, राधेश्याम माली, लादूलाल माली, गोवर्धन धाकड़ , शैतान माली, नरेश गुर्जर , उदयलाल माली, मुकेश माली, नरेंद्र सिंह, गोपाल माली , धर्मराज गुर्जर सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

भीलवाड़ा में गुर्जर इतिहास, साहित्य एवं संस्कृति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्रीय गुर्जर इतिहास, साहित्य एवं भाषा शोध संस्थान की ओर से श्री पालनाजी देवनारायण मंदिर, पांसल में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री देवनारायण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।

राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर पूर्व मंत्री ने समाज को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मोहनलाल वर्मा ने गुर्जर इतिहास, संस्कृति व समाज के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से शोध कार्य को बढ़ावा देने की अपील की।

डॉ. अरुणा गुर्जर ने बगड़ावत शौर्य गाथा और देवनारायण भगवान के ऐतिहासिक प्रसंगों पर विस्तृत जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर, महावीर प्रसाद गुर्जर, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, एडवोकेट नरेंद्र गुर्जर, रीना गुर्जर, नंदलाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर सहित अनेक वक्ताओं ने गुर्जर समाज की एकता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार रखे। बिजौलिया में किसान आंदोलन के नायक विजय सिंह पथिक की स्मृति में पैनोरमा निर्माण की मांग भी उठाई गई।

कार्यक्रम में स्व. इसम सिंह चौहान को श्रद्धांजलि दी गई और राजस्थान सरकार से गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग रखी गई।

श्रावण के तीसरे सोमवार को मेवाड़ में शिवभक्ति चरम पर, कांवड़ यात्राओं में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

लाड़पुरा : 51 कांवड़िये लेकर पहुचे जल

गुरला : हाइवे पर निकली यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @
महुआ / सिंगोली / गुरला / लाडपुरा।

महुआ : कस्बे में जल भरकर पहुचे कावड़िए

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के साथ मेवाड़ अंचल शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। त्रिवेणी, गुप्तेश्वर, वैद्यनाथ, आसान, साबलेश्वर जैसे प्रमुख शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

महुआ में त्रिवेणी संगम से जल भरकर शिवभक्तों ने गाजे-बाजे के साथ कांवड़ यात्रा निकाली जो बीड़ का खेड़ा, गोपालपुरा, मानपुरा होते हुए महुआ पहुंची। यहां पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने आसन महादेव में जलाभिषेक किया।

सिंगोली चारभुजा में श्याम मंदिर से तालाब की पाल स्थित शिव मंदिर तक महिलाओं द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। रास्ते में ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और शिवलिंग पर जल अर्पित किया गया।

गुरला में नेशनल हाईवे-758 स्थित गुरला कस्बे से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। मातृकुंडिया से लाए जल से किरो का खेड़ा महादेव मंदिर में अभिषेक किया जाएगा। मार्ग में भक्ति गीतों पर नृत्य, अबीर-गुलाल और श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

लाडपुरा में नवयुवक मंडल के 51 कांवड़ियों ने त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर से जल भरकर गांव तक यात्रा निकाली। गांव पहुंचने पर फूलों से स्वागत किया गया। कांवड़ियों ने साबलेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

असुरक्षित भवनों की जांच शुरू, तीन दिन में रिपोर्ट पेश करेगी प्रशासनिक टीम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के निर्देश पर जिले में सरकारी व आवश्यकतानुसार निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का सघन निरीक्षण शुरू हो गया है।

सुरक्षा के मद्देनज़र गठित 6 सदस्यीय कमेटी जिसमें उपखंड अधिकारी, बीडीओ, तहसीलदार, सीबीईओ, सीडीपीओ व पीडब्ल्यूडी अभियंता शामिल हैं । तीन दिन में रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपेगी।

निरीक्षण के दौरान असुरक्षित, जर्जर व क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान की जा रही है ताकि भविष्य में किसी भी हादसे से बचाव सुनिश्चित हो सके।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे यदि किसी असुरक्षित भवन की जानकारी रखते हैं तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें।

QUICK BITES

आकांक्षी ब्लॉक कोटड़ी के लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी ब्लॉक कोटड़ी के लिए जिला स्तरीय सम्मान समारोह ग्रामीण हाट बाजार परिसर में आयोजित हुआ। विधायक अशोक कोठारी ने योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया, जबकि जिला प्रमुख बरजी भील ने कोटड़ी को प्रदेश में पहला स्थान मिलने पर बधाई दी और निरंतर विकास का आश्वासन दिया। मुख्य आयोजना अधिकारी सोनल राज कोठारी और राजीविका के अमित जोशी ने विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी। कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, उप प्रधान कैलाश सुथार सहित सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समारोह में सम्मानित किया गया। राजीविका द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु 6 दिवसीय ग्रामीण हाट बाजार भी शुरू किया गया।

भीलवाड़ाः टीबी रोगियों की सेवा में चिकित्सा विभाग की पहल, चिकित्साकर्मी बने 'निक्षय मित्र'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में भीलवाड़ा चिकित्सा विभाग ने एक संवेदनशील व प्रेरणादायक पहल की है। जिले के 1372 से अधिक चिकित्सा अधिकारी व कार्मिक स्वयं 'निक्षय मित्र' बनकर 2019 से अधिक टीबी रोगियों को पोषण सामग्री व सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने इसे मानवता की सेवा में अनुकरणीय कदम बताते हुए आमजन से भी रोगियों को गोद लेकर सहयोग देने की अपील की। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 50 रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित की गई। यह अभियान 27 से 31 जुलाई तक जिले के गांव-ढाणी स्तर तक चलाया जा रहा है, जिसमें नवीन निक्षय मित्रों का पंजीकरण व रोगियों से संपर्क सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कटारिया सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शाहपुरा को जिला घोषित करने की मांग को लेकर संघर्ष समिति सक्रिय, सौंपा मुख्यमंत्री के नाम स्मरण पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

क्षेत्र को पुनः जिला घोषित करने की मांग को लेकर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार को उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम स्मरण पत्र सौंपा। समिति ने मांग की कि जनभावनाओं के अनुरूप शाहपुरा को जल्द से जल्द जिले का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

स्मरण पत्र में समिति ने पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने शाहपुरा को शीघ्र जिला बनाने का वादा किया था। इसी आश्वासन के चलते समिति ने पहले अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था।

संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे पुनः आंदोलन की राह अपनाने पर विवश होंगे। साथ ही समिति ने कहा कि वे इस मुद्दे पर सतत निगरानी रख रही है।

भीलवाड़ा जिले में भारी बारिश का असरः बांधों के गेट खुले, रास्ते बंद, घरों में घुसा पानी



आकोलाः जेतपुरा बांध के खुले गेट



मांडलगढ़ : श्यामगढ़ के पास पुलिया में गिरा ट्रेलर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिलेभर में रविवार रात से हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और सिंचाई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। प्रशासन ने सतर्कता के चलते कई मार्ग बंद कर दिए हैं।

जैतपुरा बांधः

सोमवार सुबह 6 गेट 7 फीट तक खोले गए। बिकरन-श्यामपुरा मार्ग पर पुलिया पर पानी आ गया जिससे गांवों का संपर्क टूटा। प्रशासन ने आसपास के गांवों के लोगों को नदी के पास न जाने और बच्चों-मवेशियों का ध्यान रखने की अपील की है।

मांडलगढ़ः

श्यामगढ़ के पास पुलिया पार करते समय एक ट्रेलर तेज बहाव में बह गया, गनीमत रही कि चालक तैरकर बाहर निकल आया। हादसा लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है।

लाडपुरा डामटी खोखरा बांधः

33.5 फीट भराव क्षमता वाला यह बांध 2 जुलाई को ही ओवरफ्लो हो चुका था। 4 फीट चादर चल रही है, जिससे अमरतिया, रामपुरिया, धाकड़ खेड़ी सहित कई गांवों में सिंचाई सुविधा चालू है।

कोटड़ी-पारोली क्षेत्रः

बनास नदी की पुलिया दो फीट पानी के नीचे आ गई है। 33 केवी पारोली ग्रिड स्टेशन में पानी भरने से विद्युत आपूर्ति रोकनी पड़ी। बालिका विद्यालय व अन्य सरकारी भवनों में तीन फीट तक पानी भर गया है। कोटड़ी-पारोली मार्ग भी बंद है।

जाल का खेड़ा, काछोलाः

सेगर मोहल्ला जलमग्न हो गया, नाले की सफाई नहीं होने से कई घरों की नींव से पानी घुस गया। देबी लाल, कमलेश, खसनी देवी सहित कई परिवारों को मकानों को नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासक को हालात से अवगत कराया है।

लाडपुराः डामटी खोखरा बांध पर चली चादर

कोटड़ी : पारोली क्षेत्र में पानी भरा ग्रिड

कोटड़ी पुलिस का नवाचार : गांवों में रात्रि चौपाल लगाकर करेगी जनसुनवाई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोटड़ी पुलिस ने आमजन से संवाद और विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से रात्रि चौपाल के रूप में जनसुनवाई अभियान शुरू किया है। इस नवाचार के तहत पुलिस गांवों में जाकर रात्रिकालीन चौपाल लगाएगी और जनसमस्याएं सुनेगी। थाना अधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि अभियान के तहत नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, साइबर अपराध जागरूकता व यातायात नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

इस मौके पर कोटड़ी थाना परिसर में अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया, जिसमें प्रधान करण सिंह कानावत, डिप्टी रविन्द्र सिंह, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, जनप्रतिनिधि, शांति समिति सदस्य और पुलिस मित्र उपस्थित रहे।

ओझागर महादेव मंदिर में सावन सोमवार पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

सावन के तीसरे सोमवार को गुरला क्षेत्र के ओझागर महादेव मंदिर सहित हरनी महादेव और तिलस्वां महादेव में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी बारिश के बावजूद सुबह से ही श्रद्धालु शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना कर रहे हैं।

ओझागर महादेव मंदिर की खासियत इसकी प्राकृतिक चट्टानों के बीच स्थित प्राचीनता और चमत्कारिक मान्यता है। मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम, अलग-अलग कतारें और सेन समाज की सराय में ठहरने की व्यवस्था की गई है। शिव भक्तों ने दूध, बेलपत्र, धतूरा आदि चढ़ाकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कोटड़ी श्याम मेले में 'तीसरी आंख' से निगरानी, भक्तों की सुरक्षा पर विशेष जोर

जलझूलन महोत्सव की तैयारियों को लेकर सीएलजी बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

3 सितंबर को होने वाले विशाल जलझूलन महोत्सव को लेकर कोटड़ी थाना परिसर में पुलिस, प्रशासन और शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, रोशनी, पार्किंग, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे सहित व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने मेले के दौरान अतिरिक्त 21 वाई-फाई कैमरे लगाने की बात कही, जिनकी निगरानी पुलिस, मंदिर ट्रस्ट और कंट्रोल रूम से की जाएगी। थाना अधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि मेला क्षेत्र में हर कोने पर पुलिस की नजर रहेगी और 31 अगस्त से 4 सितंबर तक अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया जाएगा। तहसीलदार रामकिशोर मीणा ने अफवाहों से सावधान रहने की अपील की, जबकि पुलिस उपाधीक्षक रविन्द्र सिंह ने चोर-उचक्कों से निपटने को विशेष निगरानी की बात कही। बैठक में प्रधान करण सिंह कानावत, उप प्रधान कैलाश सुथार, ट्रस्ट पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे

बिजौलिया में पहली बार निकली मन्दाकिनी महादेव की शाही सवारी, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

धार्मिक उल्लास और भक्ति से सराबोर रहा पूरा नगर, उज्जैन की तर्ज पर सजी महाकाल रथयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

श्रावण मास के पावन अवसर पर कस्बे में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के तहत मन्दाकिनी महादेव मंदिर से महाकाल बाबा की पहली शाही सवारी सोमवार को पूरे नगर में निकाली गई। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया।

यह भव्य शोभायात्रा दोपहर 3ः15 बजे मंदिर प्रांगण से रवाना होकर चारभुजानाथ चौक, सदर बाजार, पंचायत चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। सवारी के लिए उज्जैन की तर्ज पर एक विशेष रथ सजाया गया, जिसमें महाकाल बाबा की प्रतिमा विराजित थी। शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, डीजे, ढोल-नगाड़े, विभिन्न धार्मिक झांकियां, राम-हनुमान की संजीव झांकी, शिव स्वरूप में कलाकारों का नृत्य तथा वीर बजरंग अखाड़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक करतब श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सवारी का भव्य स्वागत किया। यात्रा में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भारी भागीदारी रही। पूरा नगर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।

जोगणिया माता शक्तिपीठ में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

प्रसाद व पौधों का वितरण, श्रद्धा और भक्ति में डूबा रहा माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू

(दिनेश गुर्जर) । श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। रामलीला मैदान में चल रही इस कथा में दुधाखेड़ी धाम के प्रेम नारायण महाराज ने धर्म, भक्ति और ज्ञान की सरिता बहाई। संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया

की कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति रस में सराबोर रहे। समापन अवसर पर प्रसाद वितरण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश स्वरूप पौधों का वितरण भी किया गया।

कथावाचक प्रेम नारायण महाराज ने जोगणिया शक्तिपीठ द्वारा मंदिर निर्माण, गौशाला, वेद विद्यालय और पौधारोपण जैसे सेवाकार्यों की सराहना करते हुए संस्थान को सेवा व संस्कार का केंद्र बताया।

तिलस्वा महादेव मंदिर विवादः ट्रस्ट और संघर्ष समिति के बीच विवाद पर जांच कमेटी सक्रिय, रिकॉर्ड खंगाले, पारदर्शिता के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा

तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट और संघर्ष समिति के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के समाधान की दिशा में सोमवार को जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाई। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के निर्देश पर गठित प्रशासनिक जांच कमेटी मंदिर ट्रस्ट कार्यालय पहुंची और विवाद से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।

कमेटी में शामिल एडीएम सिटी प्रतिभा देवेटीया, उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित डीडवानिया और सहकारी बैंक के मुख्य प्रबंधक आलोक जैन सहित अन्य अधिकारियों ने ट्रस्ट पदाधिकारियों से ट्रस्ट की चल-अचल संपत्तियों, आय के स्रोतों, वर्तमान कर्मचारियों, दस्तावेजी अभिलेखों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

20 वर्षों का रिकॉर्ड वार्षिक रूप से मेंटेन करने के निर्देश

कमेटी ने ट्रस्ट को निर्देशित किया कि वह बीते 20 वर्षों का संपूर्ण लेखा-जोखा वार्षिक रूप में व्यवस्थित करें। साथ ही ट्रस्ट कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने, कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने, और सभी दस्तावेजों को सूचीबद्ध कर पारदर्शी रूप से जांच के लिए प्रस्तुत करने को कहा गया।

संघर्ष समिति को भी दिए निर्देश

कमेटी ने संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों से भी आगामी दो दिनों में अपनी मांगें लिखित रूप से जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि मंदिर में शांति बनाए रखना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है।

बाउंसर की नियुक्ति पर उठे सवाल

जांच के दौरान समिति ने ट्रस्ट द्वारा बाउंसरो की नियुक्ति का मामला भी सामने रखा और मनमाने तरीके से पैसों का दुरपयोग करने की बात कही । इस पर ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने कमेटी को बताया कि पिछले कुछ महीनों से ट्रस्ट पर लगातार दबाव और झगड़े की स्थिति बनी हुई है, जिसके चलते कर्मचारी भयभीत हैं। ऐसे में कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कर्मी की अस्थायी तैनाती की गई है। ये सभी ट्रस्ट के कार्य में लगे हुए है।

पारदर्शिता पर विशेष जोर

कमेटी ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं के हितों की रक्षा और ट्रस्ट की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना प्राथमिकता है। चूंकि दस्तावेज व रिकॉर्ड बहुत पुराने हैं, जांच प्रक्रिया को पूरा करने में थोड़ा समय लग सकता है। बैठक में संघर्ष समिति के कौशल शर्मा, रणजीत सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर, सचिव मांगीलाल धाकड़ सहित दोनों पक्षों के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासन ने सभी पक्षों से सद्भाव और संयम बनाए रखने की अपील की है ताकि मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण और श्रद्धालुओं की आस्था अक्षुण्ण बनी रहे।

QUICK BITES

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सोमवार को राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। रैली को सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी और पीएमओ डॉ. अरुण गोड ने महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नर्सिंग छात्रों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से हेपेटाइटिस की रोकथाम व समय पर जांच के लिए जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पंचमुखी मोक्षधाम स्थित जिम की छत जर्जर, हादसे का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



दादाबाड़ी क्षेत्र के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित लक्ष्मण उद्यान जिम की छत जर्जर हो चुकी है, जिससे व्यायाम करने आए लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। छत से प्लास्टर गिर रहा है और दरारें साफ नजर आ रही हैं। बारिश में स्थिति और गंभीर हो जाती है। जिम में रोजाना बड़ी संख्या में युवा व बुजुर्ग आते हैं। युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। इस जिम का उद्घाटन वर्ष 2000 में हुआ था।

सावर में जर्जर स्कूल भवन पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, तीन कक्ष सील, आंगनबाड़ी शिफ्ट

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश मोटिस) बरसात में जर्जर भवनों को लेकर सावर उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने सोमवार को स्कूल व आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया और राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तीन क्षतिग्रस्त कक्ष तत्काल सील करवा दिए। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय को बच्चों की सुरक्षा के लिए अन्य सुरक्षित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। उपखंड अधिकारी ने स्पष्ट कहा - जहां खतरा है, वहां कार्रवाई तय है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेमीचंद खटीक, प्रधानाचार्य राजेश पारीक, कानूनगो कालूराम और पटवारी भरत शर्मा भी मौजूद रहे।

श्रावण मास में नगर निगम की पहल, वार्ड 19 में सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम द्वारा श्रावण मास में 70 वार्डों के 70 मंदिरों में अभिषेक कार्यक्रम जारी है। सोमवार को वार्ड 19 स्थित मुंदरी बालाजी मंदिर में महापौर राकेश पाठक व उपमहापौर रामनाथ योगी की उपस्थिति में सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा व टीम ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई। कार्यक्रम में नागेन्द्र सिंह राव, पार्षद अनिल सिंह जादौन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890